INOX WIND
Greening INDIA
CIN : L31901HP2009PLC031083

**INOX Wind Limited**

Corporate Office: INOXGFL Towers, Plot No.17, Sector-16A, Noida-201301, Uttar Pradesh, India.
Tel: +91-120-6149600 | contact@inoxwind.com
Fax: +91-120-6149610 | www.inoxwind.com

IWL: NOI: 2024

11th December, 2024

| | |
|---|---|
| The Secretary<br>BSE Limited<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street<br>Mumbai 400 001 | The Secretary<br>National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex<br>Bandra (E)<br>Mumbai 400 051 |

**Scrip code: 539083**

**Scrip code: INOXWIND**

**Sub: Intimation of publication of newspaper advertisement for the Notice of Postal Ballot and remote e-voting information**

Dear Sir/ Madam,

Pursuant to Regulation 30 and 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith a copy of the advertisements published in the following newspapers on 11th December, 2024 with respect to the Notice of Postal Ballot, remote e-voting and other related information:

- Financial Express (English)- All Editions; and
- Himachal Dastak (Hindi) - Dharamshala Edition.

We request you to take the above on record.

Thanking You

Yours faithfully,
For **Inox Wind Limited**

Deepak Banga
Digitally signed by Deepak Banga
Date: 2024.12.11 17:13:29 +05'30'

**Deepak Banga**
**Company Secretary**

Inox Wind Limited

Encl: a/a

This is only an advertisement for information purposes and not for publication, distribution, or release, directly or indirectly in the United States of America or otherwise outside India. This is not an announcement for the offer document. All capitalized terms used and not defined herein shall have the meaning assigned to them in the letter of offer dated June 12, 2024 filed with the Stock Exchanges, namely BSE Limited ("**BSE**") and the National Stock Exchange of India Limited ("**NSE**") ("BSE and NSE hereinafter together referred as "**Stock Exchanges**") and the Securities and Exchange Board of India ('**SEBI**').

# SOBHA

**SOBHA LIMITED**
**Corporate Identification Number: L45201KA1995PLC018475**
**Registered Office: SOBHA', Sarjapur – Marathahalli Outer Ring Road (ORR), Devarabisanahalli, Bellandur Post, Bangalore 560103;**
**Tel No.: +91 80-49320000; Email: investors@sobha.com; Website: www.sobha.com**
**Contact Person: Bijan Kumar Dash, Company Secretary and Compliance Officer**

## FIRST AND FINAL CALL NOTICE TO THE HOLDERS OF PARTLY PAID-UP EQUITY SHARES (ISIN: INE671H01015) OF SOBHA LIMITED ("COMPANY") HELD AS ON THE RECORD DATE i.e., FRIDAY, DECEMBER 06, 2024

The Board of Directors of the Company ("**Board**"), at its meeting held on November 14, 2024 approved to make the first and final call ("**First and Final Call**") of ₹825.50/- (Rupees Eight Hundred Twenty Five and Paise Fifty Only), (₹5 towards face value and ₹820.50/- towards the premium value) on partly paid-up equity shares of the Company and fixed Friday, December 06, 2024, as the record date for the purpose of ascertaining the holders of partly paid-up equity shares to whom the First and Final Call notice, would be sent. The same was intimated to the Stock Exchanges on November 14, 2024 and November 25, 2024.

In terms of provisions of the Companies Act, 2013 ('**Act**') read with the relevant rules made thereunder, and the Letter of Offer dated June 12, 2024 ('**Letter of Offer**'), the First and Final Call notice along with the detailed instructions, ASBA form and payment slip has been sent in electronic mode to the holders of partly paid-up equity shares ('Eligible Shareholders') whose e-mail addresses are registered with the Company or its Registrar and Share Transfer Agent ('RTA') or Depository Participant(s) as on the record date i.e., December 06, 2024. Further, physical copy of the First and Final Call Notice along with the detailed instructions, ASBA Form and payment slip have been sent vide permitted modes of dispatch, at the registered addresses of those Eligible Shareholders a) who have not registered their e-mail address with the Company or its RTA or Depository Participant(s); or b) who have specifically registered their request for the hard copy of the same. The Company has completed the dispatch on December 10, 2024.

Accordingly, the First and Final Call notice has been served as per the details given below:

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Payment Period (Both days inclusive)** | **From** | **To** | **Duration** |
| | Friday, December 27, 2024 | Friday, January 10, 2025 (Latest by 5.00 p.m.) | 15 Days |
| **Acceptable Modes of Payment** | **a. Online ASBA** | Through the website of the SCSBs(1) | |
| | **b. Physical ASBA** | By submitting physical application to the Designated Branch of SCSBs(2) | |
| | **c. Online** | Using the 3-in-1 online trading-demat-bank account wherever offered by brokers | |
| | **d. Cheque/ Demand Draft** with collection center of Axis Bank Limited **(made payable to)** | Sobha Limited Partly Paid First and Final Call Money-R (For Resident shareholders) | |
| | | Sobha Limited Partly Paid First and Final Call Money-NR (For Non - Resident shareholders) | |
| | *(1) Please visit https://www.sebi.gov.in/sebiweb/other/OtherAction.do?doRecognisedFpi=yes&intmId=35 to refer to the list of existing SCSBs [Self-Certified Syndicate Banks]* *(2) Available only to resident shareholders* | | |

In accordance with the SEBI circular no. SEBI/HO/CFD/DIL1/CIR/238/2020 dated December 8, 2020, Eligible Shareholders can also make the First and Final Call Money payment by using the facility of linked online trading-demat-bank account [3-in-1 type accounts], provided by some of the brokers. Eligible Shareholders must log into their demat account and under the relevant section proceed with the payment for First and Final Call Money of Sobha Limited. Eligible Shareholders are requested to check with their respective brokers for exact process to be followed. Eligible Shareholders may please note that this payment method can be used only if the concerned broker has made this facility available to their customer. The Company, Lead Manager or Registrar to the Issue will not be responsible for non-availability of this payment method to the Eligible Shareholders.

In case the Eligible Shareholders opt to pay through cheque/demand, the payment slip (stating Full name of the Sole/First Joint Applicant, First and Final Call Notice No., DP ID / Client ID No. and No. of partly paid-up equity shares) along with the amount payable by cheque or demand draft must be presented at **Axis Bank Limited** ("**Bank**") branches at the following location on or before Friday, January 10, 2025:

| | |
|---|---|
| **For Resident Shareholders** | **Ahmedabad**: Trishul – Opposite Samartheshwar Temple, Ahmedabad – 380006, Gujarat; **Bengaluru**: No.9 M.G. Road Block A, Bengaluru – 560001, Karnataka; **Chennai**: 82 Dr. Radhakrishnan Salaimylapore, Chennai – 600004, Tamil Nadu; **Delhi**: Statesman House,148, Barakhamba Road, New Delhi – 110001, Delhi; **Hyderabad**:6-3-879/B First Floor, G Pulla Reddy BlGreenlands, Begumpet Road, Hyderabad – 500016, Telangana; **Jaipur**: O-15, Green House, Ashok Marg, C-Scheme, Jaipur – 302001, Rajasthan; **Kolkata**: 7, Shakespeare Sarani, Kolkata – 700071, West Bengal; **Mumbai**: Jeevan Prakash Building, Ground Floor, Sir P M Road, Fort, Mumbai – 400001, Maharashtra; **Nagpur**: M. G. House, Rabindranath Tagore Road, Besides Board Office, Civil Lines, Nagpur – 440001, Maharashtra; **Noida**: B2-B3, Sector 16, Noida – 201301, Uttar Pradesh; **Pune**: Indra Pushti, Opposite Fergusson College Gate No 2,Pune – 411004, Maharashtra; **Rajkot**: Titan, Near K K V Circle, Kalawad Road, Rajkot – 360005, Gujarat; **Surat**: Digvijay Towers, Opp. St. Xavier's School, Ghod Dod Road, Surat – 395001, Gujarat; **Vadodara**: Vardhaman Complex, Opp. G.E.B Race Course Circle (North),Vadodara – 390007, Gujarat, **Panvel**: Raje Complex, Plot No 198 Ashivaji Chowk, Panvel – 410206, Maharashtra; **Chandigarh**: Sco 343-344,Sector 35-B,Chandigarh - 160022, Chandigarh; **Indore**: Kamal Palace, 1 Yeshwant Colonyyeshwant Niwas Road Indore – 452003, Madhya Pradesh; **Lucknow**: 31/93,Ground Floor, I & II Floor Lucknow – 226001, Uttar Pradesh; **Gurgaon**: Sco-29, Sector-14, Near Huda Office, Old Delhi - Gurgaon Rd Gurgaon – 122001, Haryana; **Thane**: Dhiraj Baug, (Near Hari Niwas Circle) LBS Marg, Thane (West).Thane - 400602, Maharashtra; **Vashi**: Vardhaman Chambers Co – Op - Soplot No 84, Sector 17, Vashi, Navi Mumbai – 400705, Maharashtra; **Kanpur**: 16/104 A , Civil Lines, Infront Of ICAI Bhawankanpur – 20800, Uttar Pradesh; **Jamnagar**: Jaidev Arcade, Grand FLR, Park Cly Mainmain RD, NR Joggers Parkjamnagar – 361008, Gujarat; **Faridabad**: Shop No.-6, Crown Complex, Neighbourhood No.2, 1-2 Chowk, N.I.T. ,Faridabad - 121001, Haryana; **Gandhinagar**: Gandhinagar Milk Consumerco-OP Union Lt plot No 436, Sector 16,Gandhinagar - 382016 Gujarat. |
| **For Non-Resident Shareholders** | **Delhi**: Statesman House,148, Barakhamba Road, New Delhi – 110001, Delhi. **Mumbai**: Jeevan Prakash Building, Ground Floor, Sir P M Road, Fort, Mumbai – 400001, Maharashtra. |

Eligible Shareholders residing at locations where the ASBA facility or Bank's collection centres are not available, may send their First and Final Call Money along with the completed payment slip by registered post/speed post at the office of the Registrar to the Issue: **Link Intime India Private Limited, C-101, 1st Floor, 247 Park, L.B.S. Marg, Vikhroli (West), Mumbai - 400083, Maharashtra, India.** Tel No.: +91 810 811 4949, stating the requisite details along with Cheque/Demand Draft payable at Mumbai, such that the same are received on or before the last date of payment of the First and Final Call Money i.e. **Friday, January 10, 2025.**

Eligible Shareholders are requested to make the payment of the First and Final Call Money on or before **Friday, January 10, 2025.** Please also note the consequences of failure to pay First and Final Call, given below:

a. Interest @ 10.00 % (Ten per cent only) p.a. will be payable for delay in payment of First and Final Call beyond Friday, January 10, 2025 till the actual date of payment;
b. The Company shall be entitled to deduct from any dividend payable to you, all sums of money outstanding on account of calls and interest due thereon in relation to the partly paid-up equity shares of the Company; and
c. The partly paid-up Equity Shares of the Company currently held by you, including the amount already paid thereon are liable to be forfeited in accordance with the Articles of Association of the Company and the Letter of Offer.

**Eligible Shareholders may also note that:**

I. The ISIN 'IN9671H01013' partly paid-up equity shares of face value ₹5.00/- (Rupees Five Only) each at a call price of ₹825.50/- (Rupees Eight Hundred Twenty Five and Fifty Paise Only) partly paid-up has been suspended by the Stock Exchanges effective Friday, December 06, 2024.
II. The process of corporate action for converting the partly paid-up equity shares to the fully paid-up equity shares under the present ISIN INE671H01015 for the existing fully paid-up equity shares, allotted by the depositories, is estimated to be completed within a period of two to three weeks from the last date for making the payment of First and Final Call Money as stipulated under the First and Final Call notice. Upon completion of the corporate action, the partly paid-up equity shares shall be converted into fully paid-up equity shares and would be credited to ISIN INE671H01015, allotted by NSDL /CDSL.
III. FAQs on First and Final Call are available on the website of the Company: https://www.sobha.com/investor-relations/ or on the website of Link Intime India Private Limited. You may also seek clarifications on any query related to the payment of First & Final Call on the helpline number +91 8108114949 (Monday to Saturday from 9 AM to 5 PM).
IV. All Eligible Shareholders should mention in the Application, his/her PAN number allotted under the Income Tax Act, 1961. Applications without PAN will be considered incomplete and are liable to be rejected.

All capitalized terms not defined herein would have the same meaning as attributed to it in the Letter of Offer.
All correspondence in this regard may be addressed to Registrar to the Issue at below mentioned address:

**LINK**Intime

**Link Intime India Private Limited**
C-101, 1st Floor, 247 Park, Lal Bahadur Shastri Marg,
Vikhroli (West), Mumbai – 400 083, Maharashtra, India
**Tel No.:** +91 8108114949 | **Fax No.:** +91 22 49186060
**E-mail ID:** sobha.callmoney@linkintime.co.in
**Website:** www.linkintime.co.in
**SEBI Registration No: INR000004058**
**Contact Person:** Shanti Gopalkrishnan

**For Sobha Limited**
On Behalf of the Board of Directors
Sd/-
**Bijan Kumar Dash**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Date : December 10, 2024**
**Place : Bangalore**

SOBHA

# INOX WIND LIMITED

**Regd. Off.:** Plot No.1, Khasra Nos. 264 to 267, Industrial Area, Village-Basal, Distt. Una-174303, Himachal Pradesh
**CIN:** L31901HP2009PLC031083 | **Tel./ Fax:** +91 (1975) 272001 | **Email:** investors.iwl@inoxwind.com | **Website:** www.inoxwind.com

## NOTICE OF POSTAL BALLOT AND E-VOTING INFORMATION

Notice is hereby given that in accordance with Sections 108 and 110 of the Companies Act, 2013 ("Act") read with Rules 20 and 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 ('Rules'), Regulations 44 and 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations"), Secretarial Standard-2 issued by the Institute of Company Secretaries of India on General Meetings ("SS-2") and the relaxations and clarifications issued by Ministry of Corporate Affairs (MCA) and Securities and Exchange Board of India from time to time vide their various Circulars and any other applicable provisions of the Act, rules, regulations, circulars and notifications (including any statutory modification(s) or re-enactment(s) thereof for the time being in force), the approval of the members of Inox Wind Limited (the "Company") has been sought by way of a Postal Ballot through electronic means ("e-Voting") on the Resolution(s) as set out in the Postal Ballot Notice dated 29th November, 2024 ("Notice") which has been dispatched electronically to those members whose names appear in the Register of Members of the Company or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on Friday, 6th December, 2024 ("Cut-off date") and whose email ids are registered with the Company/ Registrar and Share Transfer Agent i.e. Link Intime India Private Limited ("RTA") or Depository Participants. The Company has completed the dispatch of Notice along with the Explanatory Statement on Tuesday, 10th December, 2024.

The Postal Ballot Notice is available on the website of the Company; www.inoxwind.com and on the websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited (BSE); www.bseindia.com and National Stock Exchange of India Limited (NSE); www.nseindia.com and on the website of National Securities Depository Limited (NSDL); www.evoting.nsdl.com.

In accordance with the applicable MCA Circulars, the Company is providing the facility to exercise the right to vote on the Resolution(s) proposed in the said Postal Ballot Notice only by electronic means (e-Voting). The communication of the assent or dissent of the members would take place through the e-Voting system only. The Company has engaged the services of NSDL as the agency to provide e-Voting facility.

A person whose name is recorded in the Register of Members or in the Register of Beneficial Owners as on the Cut-off date only shall be entitled to avail the facility of e-Voting. Voting rights of member(s)/ beneficial owner(s) for e-Voting shall be in proportion to their shares in the paid-up equity share capital of the Company as on the Cut-off date. A person who becomes a member after the Cut-off date should treat this Notice for information purpose only. Vote once casted by the member shall not be allowed to be changed subsequently. The e-Voting period is as follows:

| | |
|---|---|
| Commencement of e-Voting | Wednesday, 11th December, 2024 at 09:00 A.M. |
| Conclusion of e-Voting | Thursday, 9th January, 2025 at 05:00 P.M. |

Please note that e-Voting shall not be allowed beyond 5:00 P.M. on Thursday, 9th January, 2025 and the e-Voting facility will be disabled by NSDL thereafter. Instructions on the process of e-Voting including the manner in which members holding shares in physical mode or who have not registered their e-mail addresses can cast their vote are provided as part of the Postal Ballot Notice.

The Results declared along with the Scrutinizer's Report shall be placed on the websites of the Company & NSDL and shall also be communicated to the Stock Exchanges i.e. BSE and NSE within 2 (two) working days from the conclusion of e-Voting i.e. on or before Monday, 13th January, 2025.

Members having any grievance connected with e-Voting may contact Ms. Pallavi Mhatre, NSDL, Trade World, "A" Wing, 4th Floor, Kamala Mills Compound, Senapati Bapat Marg, Lower Parel, Mumbai - 400013 at the designated email ID: evoting@nsdl.co.in or call at 022 48867000.

By order of the Board of Directors
For **Inox Wind Limited**
Sd/-
**Deepak Banga**
Company Secretary

Place : Noida
Date : 10th December,2024

**POST OFFER PUBLIC ADVERTISEMENT TO THE EQUITY SHAREHOLDERS OF**

# NAGARJUNA AGRI-TECH LIMITED

**Registered Office:** 56 Nagarjuna Hills, Panjagutta, Hyderabad - 500082,
**CIN:** L01119TG1987PLC007981, **Tel. No.:** (+91) 8977398159,
**Email:** natl@rediffmail.com, **Website:** www.nagarjunaagritech.com

Open Offer for acquisition of 2435966 (Twenty-Four Lakhs Thirty-Five Thousand Nine Hundred and Sixty-Six) fully paid-up equity shares of face value of Rs. 10/- each, representing 26.00% of the total paid-up equity and voting share capital of Nagarjuna Agri-Tech Limited (hereinafter referred to as the "**NATL**" or the "**Target Company**") at an Offer Price of Rs. 20/- (Rupees Twenty Only) per equity share by Mrs. Rachna Suman Shaw (hereinafter referred to as the "**Acquirer**").

This Post Offer Public Advertisement is being issued by M/s. VC Corporate Advisors Private Limited, being the Manager to the Offer, on behalf of the Acquirer, in connection with the Open Offer made by the Acquirer, pursuant to and in compliance with Regulation 18(12) of the Securities and Exchange Board of India (Substantial Acquisition of Shares and Takeovers) Regulations, 2011 and subsequent amendments thereto ["**SEBI (SAST) Regulations, 2011**"].

This Post Offer Public Advertisement should be read in continuation of and in conjunction with the Public Announcement **("PA")** dated August 05, 2024, Detailed Public Statement **("DPS")** dated August 12, 2024 as published in The Financial Express (English Daily) all editions, Jansatta (Hindi Daily) all editions, Mumbai Lakshadeep (Marathi daily) Mumbai edition and Vishala Netram (Telugu daily) Hyderabad edition on August 12, 2024, Draft Letter of Offer **("DLOF")** dated August 20, 2024, Letter of Offer **("LOF")** dated October 28, 2024, Corrigendum to the LOF dated November 06, 2024, published on November 07, 2024, Offer Opening Public Announcement cum Corrigendum to the Detailed Public Announcement dated November 08, 2024 and Second Corrigendum to the LOF dated November 13, 2024, published on November 14, 2024, in the aforementioned newspapers. This Post Offer Advertisement is being published in all the newspapers in which the DPS, Offer Opening Public Announcement Cum Corrigendum to the DPS, Corrigendum to the LOF and Second Corrigendum to the LOF was published. Capitalized terms used but not defined in this Post Offer Public Advertisement shall have the meaning assigned to such terms in the LOF.

The Public Shareholders of the Target Company are requested to kindly note the following information with respect to the Open Offer.

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Name of the Target Company | : | Nagarjuna Agri-Tech Limited |
| 2. | Name of the Acquirer ~~and PACs~~ | : | Mrs. Rachna Suman Shaw [There are no PACs with the Acquirer] |
| 3. | Name of Manager to the Offer | : | VC Corporate Advisors Private Limited |
| 4. | Name of Registrar to the Offer | : | XL Softech Systems Limited |
| 5. | Offer details: | | |
| | a) Date of Opening of the Offer | : | Monday, November 11, 2024 |
| | b) Date of Closing of the Offer | : | Tuesday, November 26, 2024 |
| 6. | Date of Payment of Consideration | : | Monday, December 09, 2024 |

**7. Details of the Acquisition**

| Sr. No | Particulars | Proposed in the Offer Document | | Actual | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7.1. | Offer Price | Rs. 20/- per equity share | | Rs. 20/-per equity share | |
| 7.2. | Aggregate number of shares tendered | 2435966 | | 250001 | |
| 7.3. | Aggregate number of shares accepted | 2435966 | | 250001 | |
| 7.4. | Size of the Offer (Number of shares multiplied by Offer price per share) | Rs. 4,87,19,320/- | | Rs. 50,00,020/- | |
| 7.5. | Shareholding of the Acquirer ~~and PAC~~ before Share Purchase Agreement (SPA) and Public Announcement (No. & %) | 0<br>0.00% | | 0<br>0.00% | |
| 7.6. | Shares Acquired by way of SPA | | | | |
| | • Number | 5658369 | | 5658369 | |
| | • % of Fully Diluted Equity Share Capital | 60.39% | | 60.39% | |
| 7.7. | Shares Acquired by way of Open Offer | | | | |
| | • Number | 2435966 | | 250001 | |
| | • % of Fully Diluted Equity Share Capital | 26.00% | | 2.67% | |
| 7.8. | Shares acquired after Detailed Public Statement | | | | |
| | • Number of shares acquired | Not Applicable | | Not Applicable | |
| | • Price of the shares acquired | | | | |
| | • % of the shares acquired | | | | |
| 7.9. | Post Offer shareholding of Acquirer ~~and the PACs~~ | | | | |
| | • Number | 8094335 | | 5908370 | |
| | • % of Fully Diluted Equity Share Capital | 86.39% | | 63.06% | |
| 7.10. | Pre and Post Offer shareholding of Public Shareholders | **Pre-Offer** | **Post Offer** | **Pre-Offer** | **Post Offer** |
| | • Number | 3710731 | 1274765 | 3710731 | 3460730 |
| | • % of Fully Diluted Equity Share Capital | 39.61% | 13.61% | 39.61% | 36.94% |

8. The Acquirer accepts full responsibility for the information contained in this Post Offer Public Advertisement and also for the fulfilment of his obligations as laid down in the SEBI (SAST) Regulations, 2011.
9. A copy of this Post Offer Public Advertisement will be available on the websites of SEBI, i.e., www.sebi.gov.in, BSE at www.bseindia.com and the registered office of the Target Company.

**ISSUED BY MANAGER TO THE OFFER ON BEHALF OF THE ACQUIRER:**

| | |
|---|---|
| **VC Corporate Advisors Private Limited**<br>CIN: U67120WB2005PTC106051<br>SEBI REGN. No.: INM000011096<br>Validity of Registration: Permanent<br>(Contact Person: Ms. Urvi Belani /Mr. Premjeet Singh)<br>31, Ganesh Chandra Avenue, 2nd Floor,<br>Suite No.- 2C, Kolkata-700 013<br>Tel. No.: (033) 2225-3940<br>Email: mail@vccorporate.com<br>Website: www.vccorporate.com | **XL Softech Systems Limited**<br>SEBI REGN. No.: INR000000254<br>[Validity of Registration: Permanent]<br>CIN: U72200TG1987PLC007288<br>(Contact Person: Mr. R. Ram Prasad)<br>3, Sagar Society, Road No. 2,<br>Banjara Hills, Hyderabad- 500034.<br>Tel. No.: (040)-23545913, 23545914;<br>Fax No.: (040) -23553215<br>Email ID: xlfield@gmail.com<br>Website: www.xlsoftech.com |

**Place: Kolkata**
**Date: 11.12.2024**

**On behalf of the Acquirer**
**Sd/-**
**Rachna Suman Shaw**

## PUBLIC NOTICE

We, KABEER KAUSHI (PAN AVEPK3335M) and GHANASHYAM PANKAJ (Deceased), holding 400 shares of Face Value Rs. 1/- in United Breweries Limited having its registered office at UB Tower, UB City, #24 Vittal Mallya Road, Bengaluru, Karnataka, 560001 in Folio UB038604 bearing Share Certificate Number 101822 with Distinctive Numbers from 615681 - 616080.

We hereby give notice that the said Share Certificate(s) are lost and we have applied to the Company for issue of duplicate Share Certificates.

The public is hereby warned against purchasing or dealing in anyway with the said Share Certificate. The Company has informed me that if they do not receive any objection within 15 days from the date of issue of this advertisement for withholding of transfer to IEPF Authority, Company will submit its response to IEPF Authority for transferring the aforesaid shares to the demat account of the undersigned, after which no claim will be entertained by the company in that behalf.

Place: Mumbai.
Date: 11/12/2024

**Sd/-**
**KABEER KAUSHIK**
**Folio No : UB038604**



## न्यूज 1 नजर में

### अणु में अग्निवीर भर्ती का फिजिकल टेस्ट 17 से 24 जनवरी तक

**हमीरपुर।** भारतीय थल सेना की अग्निवीर भर्ती की संयुक्त प्रवेश परीक्षा पास करने वाले जिला हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर के युवाओं का फिजिकल टेस्ट एवं मेडिकल परीक्षण 17 से 24 जनवरी तक अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड एवं डिग्री कॉलेज परिसर में किया जाएगा। थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि फिजिकल टेस्ट एवं मेडिकल परीक्षण के लिए पात्र उम्मीदवारों को शीघ्र ही कॉल लैटर जारी कर दिए जाएंगे। ये कॉल लैटर ज्वॉइन इंडियन आर्मी वेबपोर्टल के माध्यम से जारी किए जाएंगे।

### बड़सर में मुख्य अधिकारियों सहित अधिकांश पद पड़े हैं खाली: आशीष

**बड़सर।** यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस कार्यकाल के बीते करीब 2 वर्षों में प्रदेश की जनता का सरकारी तंत्र व लोकतंत्र से भरोसा उठ चुका है। यह बात भाजयुमो के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई विधानसभा क्षेत्रों की बागडोर कांग्रेस सरकार ने हारे व नकारे लोगों के हाथों में सौंप दी है, जोकि जनता के जनादेश का सीधे-सीधे अपमान है। स्टेट मीडिया को-ऑर्डिनेटर ने कहा कि बड़सर विधानसभा की बागडोर भी ऐसे ही लोगों के हाथों में जिसके चलते बड़सर का कोई वेली-वारिश नहीं है। उन्होंने कहा कि बड़सर में सरकार की घोर उपेक्षा के चलते डीएसपी, विकास खंड अधिकारी व कई मुख्य अधिकारियों के पद खाली पड़े हैं, जिस कारण बड़सर का विकास पूरी तरह से अवरुद्ध होकर रह गया है। पंचायतों के विकास कार्य लंबे समय से लटके हैं। यहां तक कि देश के विख्यात सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में कोई स्थायी अधिकारी नहीं है। बड़सर के एसडीएम पूर्व में दो महीने तक ट्रेनिंग पर रहे हैं और अब फिर से दो महीने की ट्रेनिंग पर हिप्पा में जा रहे हैं।

### भाजपा के विरोध प्रदर्शनों का आज रैली में दिया जाएगा जवाब :प्रेम कौशल

**हमीरपुर।** भाजपा के तथाकथित विरोध प्रदर्शनों में सरकार के खिलाफ़ किए गए दुष्प्रचार का बिलासपुर रैली में जवाब दिया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने जारी बयान में कहा कि विपक्षी दल के रूप में भाजपा ने लगातार सरकार के खिलाफ षड्यंत्रों को अंजाम देने तथा जनता को गुमराह करने का प्रयास किया, जबकि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णयों से प्रदेश में पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने का कार्य किया। खनन माफिया को संरक्षण देने का आरोप लगाने वालों के शासनकाल में ही खनन और शराब माफिया का बोलबाला था, जबकि कांग्रेस सरकार ने ऐसे माफियाओं पर नकेल लगाकर 2200 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया।

### स्टेनो टाइपिस्ट के स्किल टेस्ट का परिणाम घोषित

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने हिमाचल प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक में स्टेनो टाइपिस्ट पोस्ट कोड-995 के एक पद के लिए गए स्किल टेस्ट का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इस पद के लिए 4 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इनकी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 20 दिसंबर को होगी। उम्मीदवारों की सूची आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीएएचपीजीओवीइन पर उपलब्ध करवा दी गई है।

### नगर परिषद एरिया में लगाए जाएं नाके व सीसीटीवी कैमरा: दिनेश

**बिलासपुर।** बिलासपुर की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था नगर सुधार समिति की बैठक मेन मार्किट में समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम चिट्टे पर अंकुश लगाने के लिए समिति ने कहा कि शहर में अगर नशे पर अंकुश लगाना है तो नगर परिषद एरिया में पुलिस द्वारा नाके लगाए जाने चाहिए तथा पुलिस वालों की बिना वर्दी के समिति द्वारा चिह्नित एरिया में गश्त की जाए। संवेदनशील जगह जैसे डियारा सेक्टर, डीएवी स्कूल, मेन मार्किट आदि इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए। समिति ने जिला प्रशासन से जिला में नशा निवारण केंद्र खोलने की मांग की है जिसमें नशे की गिरफ्त में फंस चुके बच्चों का इलाज किया जा सके। समिति ने चिट्टे नशे से हो रही युवाओं की मौतों पर भी गहरा दुःख प्रकट किया है। समिति ने कहा कि चंगर सेक्टर में उपायुक्त कार्यालय के आसपास सड़क किनारे टाइल युक्त पैदल रास्ता बनाया जाए। संस्था ने समिति के पदाधिकारियों पर पिछले दिनों की गई झूठी एफआईआर की भी कड़ी निंदा की है। समिति ने कार्यकारिणी के कुछ नए सदस्यों को पद दिए जाने पर भी चर्चा की। समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि उपरोक्त मुद्दों को वह जिला प्रशासन से जल्दी ही पत्राचार के माध्यम से और स्वयं मिलकर उठाएंगे।

# दो हादसों में दो की जान गई

## भोरंज के नगरोटा में ट्रैक्टर पलटा, सौल खड्ड में सेल्फी लेते समय पेश आया हादसा

हिमाचल दस्तक ▌भोरंज/बरमाणा



**भोरंज** के नगरोटा में सोमचार सायं ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बिलासपुर एवं मंडी जिले की सीमा पर स्थित सौल खड्ड में जमथल गांव के एक युवक की अपने दोस्तों के साथ सेल्फी लेते समय जान गई। जानकारी के अनुसार उपमंडल भोरंज के तहत बिंडला नगरोटा के पास ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शशि कुमार (47) पुत्र हेमराज गांव धीरड़ डाकघर नगरोटा गजियां जो सोमवार देर सायं भरेड़ी क्षेत्र में खेत जोतने के बाद ट्रैक्टर को चलाकर घर जा रहा था तो बिंडला गांव के पास अचानक हृदय गति रुकने से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे चालक ट्रैक्टर के नीचे आ गया और मौके पर ही मौत हो गई।

ग्रामीणों व पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला और उसे भोरंज अस्पताल ले आए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल हमीरपुर भेज दिया है। ग्रामीणों में उपप्रधान शशिकांत, प्रधान सुरेंद्र, संजय, कुलदीप, काका, रजीव इत्यादि ने शशि कुमार की मौत पर दुःख व्यक्त किया है। उधर, इस बारे भोरंज थाना प्रभारी एसएचओ प्रशांत सिंह ने बताया कि शशि कुमार पुत्र हेम राज की हृदय गति रुकने व ट्रैक्टर पलटने से मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल हमीरपुर ले गए है। उधर, बिलासपुर एवं मंडी जिले की सीमा पर स्थित सौल खड्ड में जमथल गांव के एक युवक की अपने दोस्तों के साथ सेल्फी लेते समय मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक इसको बचाने के चक्कर में पानी में कूद पडा, जो गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का उपचार बिलासपुर एम्स में चल रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया है। जानकारी के अनुसार बिलासपुर के जमथल गांव के चार युवक बिलासपुर एवं मंडी जिले की सीमा पर स्थित सौल खड्ड में नहाने व सेल्फी लेने के लिए गए हुए थे। इस दौरान यह युवक एक चट्टान पर बैठकर बिलासपुर एवं मंडी जिले की सीमा पर स्थित सौल खड्ड में वे एक बड़े पत्थर पर बैठकर सेल्फी ले रहे थे, तभी आकाश गुंजन पुत्र अनिल निवासी जमथल जिला बिलासपुर का पांव फिसल गया और वह खड्ड में गिर गया। अन्य युवक उसे बचाने के प्रयास में कूद पड़े। बिलासपुर कॉलेज का फर्स्ट ईयर का छात्र आकाश गुंजन अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। वहीं गोलू उर्फ अनमोल जो सेकंड ईयर का छात्र है, फिलहाल उसका इलाज एम्स अस्पताल में चल रहा है।

## पुलिस ने कैंची मोड़ फोरलेन पर युवक से बरामद की 488 चरस




हिमाचल दस्तक। स्वारघाट

**पुलिस** थाना स्वारघाट की टीम ने किरतपुर नेरचौक फोरलेन पर टनल नंबर एक कैंची मोड़ के पास नाके के दौरान एक युवक से 488 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस टीम द्वारा आने-जाने वाहनों की गहनता से चेकिंग कर रही थी। तभी बिलासपुर की तरफ से आ रही हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस केलाग-चंडीगढ़ बस को चेकिंग के लिए रोका गया। पुलिस टीम जब बस में बैठी सवारियों की चेकिंग के दौरान व्यक्ति ने अपनी जैकेट में से कोई वस्तु निकाल कर सीट के नीचे फेंकी। फेंकी हुई वस्तु को जब पुलिस द्वारा चेक किया गया तो लिफाफे में चरस पाई गई, जिसका वजन करने पर उसका कुल वजन 488 ग्राम पाया गया। आरोपी व्यक्ति की पहचान बलराज शर्मा जिला कैथल के रूप में हुई है। पुलिस थाना स्वारघाट की टीम ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। उधर, मामले की पुष्टि डीएसपी जिला मुख्यालय मदन धीमान ने की है।

## मंदिर ट्रस्ट की रेंट डीड की शर्तों के चलते कई बोलीदाता हो सकते हैं बाहर

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ▌हमीरपुर



▌12 दिसंबर को खुलेगी दियोटसिद्ध मंदिर की कैंटीन की तकनीकी बिड

**अकसर** कई विवादों में रहने वाले मंदिर ट्रस्ट दियोटसिद्ध अब सरकारी कैंटीन को किराये पर देने की शर्तों के लिए विवादों के कटघरे में है। इस कैंटीन को किराये पर देने की टेक्निकल बिड 12 दिसंबर को 3 बजे खोली जानी है, लेकिन अभी से यह तय हो रहा है कि इस टेक्निकल बिड में अधिकांश बोलीदाता तकनीकी तौर पर बाहर हो जाएंगे।

इसमें बोलीदाता को हिंदू धर्म से संबंधित होने के प्रमाणपत्र सहित जीएसटी व फूड सेफ्टी लाइसेंस के साथ अनेक शर्तों की प्रतियां संलग्न करने का मनमाना नियम रखा गया है। आबकारी व काराधान विभाग की मानें तो बिना कारोबार के कोई भी व्यक्ति जीएसटी लेने में सक्षम नहीं हो सकता है। फिर भी अगर कोई व्यक्ति जीएसटी के लिए आवेदन करता है तो जहां पर वह कारोबार करना चाहता है वहां की रेंट डीड सहित अन्य कई दस्तावेज विभाग के पास जमा करवाने होंगे। इनमें 10 से 15 दिन का समय लग सकता है। इसके बाद अगर जीएसटी लेने वाला व्यक्ति कोई कारोबार नहीं करता है तो लगातार उसे 6 महीने तक रिर्टन भरनी होगी। इसके बाद वैध कारण बताकर ही वह अपना जीएसटी कैंसिल करवा सकता है, लेकिन रेंट डीड के लिए दोनों पार्टियों में से एक के पास जीएसटी नंबर होना जरूरी होता है।

यह जीएसटी नंबर रेंट पर देने वाली संस्था के पास भी हो सकता है। उधर, फूड सेफ्टी विभाग का कहना है कि रेंट डीड व बिना खाद्य साम्रागियों के यूनिट की निरीक्षण के बगैर फूड सेफ्टी लाइसेंस के लिए आवेदन नहीं किया जा सकता है। उधर, टेंपल ऑफिसर संदीप सिंह ने कहा कि यह सारी शर्तें डीसी हमीरपुर एवं टेंपल कमिश्नर की अप्रूवल के बाद ही निर्धारित की गई हैं। उधर, नवनियुक्त ट्रस्टी पवन कालिया ने बताया कि कैंटीन की रेंट डीड के लिए कोई भी मामला ट्रस्ट विधानमंडल की बैठक जो पिछले हफ्ते हुई है, में नहीं रखा गया है।

### बिना बड़े नेताओं के कैसा जश्न : त्रिलोक जम्वाल

**बिलासपुर।** भाजपा सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि बिलासपुर में 11 दिसंबर को प्रदेश सरकार के जश्न कार्यक्रम में न तो कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, न राहुल गांधी न प्रियंका गांधी आ रही हैं। मुख्यमंत्री बताएं कि जब इस रैली में कांग्रेस का कोई बड़ा नेता नहीं आ रहा है तो जश्न कैसा मनाया जा रहा है। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि कांग्रेसी नेताओं द्वारा इस रैली में 50 हजार कार्यकर्ताओं के भाग लेने के दावे कर रहे हैं, तभी कांग्रेस ने पहले सांडू मैदान में रैली करवाने का दावा किया था, लेकिन बाद में सिंथेटिक ट्रैक को तय किया और बाद में स्थान हॉकी मैदान तक सिमट गया, जहां पर पांच हजार लोगों के बैठने की क्षमता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस रैली में प्रदेश कांग्रेस सरकार द्वारा पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने दो वर्ष के कार्यकाल में अपनी किसी भी गारंटी को पूरा नहीं किया है। इसलिए गोली कांड व गुंडागर्दी को बढ़ावा देने वाले को भी इस रैली के मंच पर नहीं आने देना चाहिए। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार से शेष बचे भाखड़ा विस्थापितो को प्लाट देने, भंजवाणी का निर्माण कार्य शुरू करने, व बैरी दडौला पुल का निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है।

## चांदपुर स्कूल में बच्चों को बांटे गर्म स्वेटर



हिमाचल दस्तक ▌बिलासपुर

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चांदपुर में मंगलवार को सेवानिवृत्त केंद्रीय मुख्य शिक्षिका कमलेश चंदेल ने 27 जरूरतमंद बच्चों को गर्म स्वेटर वितरित किए। इस अवसर पर कमलेश चंदेल ने कहा कि वह पिछले 17 वर्षों से गरीब बच्चों को सर्दियों से बचने के लिए गर्म स्वेटर वितरित करती आ रही है। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य शशिपाल व अन्य शिक्षक मौजूद रहे। इन बच्चों में शिवा, पुनीत, रेखा, तुलसी, अमन, रचित, शिवा, प्रीति, राजा, विवेक, प्रियांशी, रूपेश, प्रेम, काव्य, शिवानी, मनीष आदि मौजूद रहे।

### अलमारियों की मरम्मत की निविदाएं 20 तक

**हमीरपुर।** उपायुक्त कार्यालय की विभिन्न शाखाओं की लगभग 79 पुरानी अलमारियों की मरम्मत और इनकी पेंटिंग के लिए 20 दिसंबर सुबह 11 बजे तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। ये निविदाएं 20 दिसंबर को ही सुबह 11:30 बजे खोल दी जाएंगी। एडीएम राहुल चौहान ने बताया कि निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए उपायुक्त के सहायक आयुक्त कार्यालय या एडीएम कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### अमरोह पंचायत में लोगों को किया जागरूक

**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने मंगलवार को मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत अमरोह में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर प्राधिकरण के सचिव एवं वरिष्ठ सिविल जज असलम बेग ने आम लोगों को न्याय सुलभ बनाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) द्वारा आरंभ की गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। असलम बेग ने बताया कि एससी-एसटी वर्ग के लोग, महिलाएं, बच्चे, दिव्यांग, आपदा पीड़ित, अत्याचार पीड़ित, श्रमिक, किन्नर, कैदी और सालाना 3 लाख रुपये से कम आय वाले सभी वर्गों के लोग निःशुल्क कानूनी सहायता योजना का लाभ लेने के लिए पात्र हैं। इस अवसर पर पैरा लीगल वॉलंटियर अशोक कुमार, पंचायत प्रधान मीना देवी, उपप्रधान योगराज और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

### दीपक को उत्तर प्रदेश में मिली बड़ी जिम्मेदारी

**हमीरपुर।** अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव दीपक शर्मा को कांग्रेस आलाकमान ने उत्तर प्रदेश में आरंभ होने जा रही किसान सम्मान एवं न्याय पद यात्रा के संदर्भ में लखनऊ एवं अयोध्या मंडल का प्रभारी नियुक्त किया है। इन दोनों मंडलों में कुल 11 जिले आते हैं, जिनमें राहुल गांधी का संसदीय क्षेत्र रायबरेली और केएल शर्मा का संसदीय क्षेत्र अमेठी भी शामिल है। दीपक शर्मा अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के नाते जम्मू-कश्मीर एवं झारखंड के भी प्रभारी हैं और किसान कांग्रेस का राष्ट्रीय स्तर पर संचार विभाग भी देख रहे हैं। दीपक शर्मा ने जम्मू कश्मीर एवं झारखंड में जिस तरह से संगठन को सक्रीय किया उसको देखते हुए कांग्रेस आलाकमान ने उन्हें अब उत्तरप्रदेश में भी अहम जिम्मेदारी दे कर भरोसा जताया है। दीपक शर्मा ने इसके लिए पार्टी आलाकमान विशेषतः राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी,प्रियंका गांधी, किशोरी लाल शर्मा, सुखपाल सिंह खैरा, अजय राय का आभार व्यक्त किया।

## टौणी देवी में मेगा अभिभावक अध्यापक संवाद का आयोजन

हिमाचल दस्तक ▌टौणी देवी

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में मंगलवार को नौवीं से 12वीं कक्षा तक के वंचित विद्यार्थियों और आठवीं कक्षा तक के अभिभावकों के लिए एपीएएआर आईडी (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री) पर आधारित एक मेगा अभिभावक-अध्यापक संवाद का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के शैक्षणिक भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद को मजबूत करना और एपीएएआर आईडी के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना था। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने इस संगोष्ठी में पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से एपीएएआर आईडी के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि यह आईडी एक राष्ट्र, एक छात्र आईडी की परिकल्पना के अनुरूप है और छात्रों के लिए आजीवन शैक्षणिक पासपोर्ट के रूप में कार्य करती है। यह 12 अंकों की स्थायी आईडी छात्रों की डिग्रियां, छात्रवृत्तियां, पुरस्कार और अन्य शैक्षणिक उपलब्धियों को एक ही स्थान पर सुरक्षित करती है।

प्रधानाचार्य ने वंचित छात्रों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए पंजीकरण प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने के लिए विद्यालय की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पाठशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमन मलकानिया, पवन कुमार, लीना देवी, कृष्ण चंद, सुनीता, सुमन लता, अदिति और अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### ई-केवाईसी करवाएं

**हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल टौणी देवी के सहायक अभियंता दीपक चौहान ने बताया कि ई-केवाईसी से छूटे उपमंडल के उपभोक्ताओं आधार कार्ड, राशन कार्ड और पुराना बिजली बिल लेकर ई-केवाईसी करवाएं। सहायक अभियंता ने कहा कि वे इसे 20 दिसंबर तक करवा दें।

## पीएनबी बैंक के अधिकारी रहेंगे दो दिवसीय हड़ताल पर

हिमाचल दस्तक ▌हमीरपुर

▌अपनी मांगों को लेकर 26 व 27 दिसंबर को बैंक सेवाएं रहेंगी प्रभावित

**देशभर** में पीएनबी बैंक के अधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर दो दिवसीय हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। नैशनल बैंक महासंघ की इस हड़ताल का उदेश्य कार्य-जीवन संतुलन, स्टाफ की कमी और राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस), अनुलाभ पर टैक्स, संगठनों के बीच भेदभाव खत्म करवाना आदि नीतियों से संबंधित शिकायतों का समाधान करना है।

ऑल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन ने पीएनबी प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों पर इन मुद्दों के बारे में बार-बार किए गए संवाद को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। ऑल इंडिया पंजाब नैशनल बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन के उप महासचिव प्रदीप कौंडल ने बताया कि कुछ प्रमुख मांगों को लेकर संगठन ने राष्ट्रीय महासचिव कामरेड कृष्णा कुमार के नेतृत्व में दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने का फैसला लिया गया है! 26,27 दिसंबर को सभी संबधित बैंक के अधिकारी हड़ताल पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि हमारी मांगे हैं कि बेहतर कार्य-जीवन संतुलन के लिए पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह का कार्यान्वयन किया जाए, जनशक्ति की कमी को दूर करने के लिए पर्याप्त कर्मचारियों की भर्ती सुनिश्चित की जाए।

एनपीएस के अंतर्गत कर्मचारियों को पेंशन फंड मैनेजर चुनने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए, 1 नवंबर, 2022 से 31 दिसंबर 2023 की अवधि के लिए चिकित्सा सहायता महासंघ ने वर्तमान कार्य पद्धतियों, जैसे लंबे समय तक काम करना, नियमित अवकाश कार्य, तथा कर्मचारियों के प्रयासों को अपर्याप्त मान्यता प्रदान करना, पर भी कड़ी आपत्ति जताई है। इसके अतिरिक्त यूनियन ने बैंक द्वारा अधिकारियों के स्थानांतरण और लाभों के प्रबंधन में कथित भेदभाव को उजागर किया है।

### फ्लॉप रही भाजपा की आक्रोश रैली : संदीप

**बिलासपुर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया समन्वयक संदीप सांख्यान ने कहा कि भाजपा नेताओं की बिलासपुर में आयोजित आक्रोश रैली पूरी तरह से फ्लॉप रही। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार अपना दो साल का सफल महोत्सव बिलासपुर में मनाने जा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के गृह जिला से जाने वाला यह संदेश कई मायने रखता है। ऐसे में भाजपा नेताओं की धुकधुकी समझी जा सकती है। संदीप सांख्यान ने कहा कि बिलासपुर में होने वाले द्विवार्षिक समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बिलासपुर से नई योजनाओं का सृजन करके नए बिलासपुर को गढ़ने जा रहे हैं।

### हमीरपुर की माताओं को बनाया जा रहा है शिक्षिका

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में समग्र शिक्षा अभियान और एससीईआरटी सोलन ने एक अनूठी पहल शुरू की है। इस नई पहल के तहत माताओं को पहली शिक्षिका बनाया जा रहा है। इस पहल के तहत हमीरपुर जिला की माताओं की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आईएचएम सलासी में किया गया। इसमें हमीरपुर, बिझड़ी और गलोड़ ब्लॉक की 56 माताएं इस कार्यशाला में भाग ले रही हैं। दूसरे बैच में शेष ब्लॉकों की माताओं को कार्यशाला में प्रशिक्षित किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य माताओं को घर में बच्चों की शिक्षा देने के लिए तैयार करना है। यह पहल पूरे हिमाचल प्रदेश में शुरू की गई है और इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन में अनिल कुमार, सुनील कुमार ओर नेक मोहम्मद मौजूद रहे। कार्यशाला के दौरान डाईट गौना करौर से प्रधानाचार्य मदन लाल बनयाल आदि मौजूद रहे।

**आइनॉक्स विंड लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालयः** प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव–बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश
सीआइएनः L31901HP2009PLC031083 | **टेलीफोन/फैक्सः** +91 (1975) 272001 | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com | **वेबसाइटः** www.inoxwind.com

**डाक मतपत्र की सूचना एवं ई–वोटिंग की जानकारी**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 108 एवं 110 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 ("नियम") के नियमन 20 एवं 22, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") के विनियमन 44 एवं 47, इंस्टिट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इण्डिया द्वारा सामान्य बैठकों पर जारी सेक्रेटेरियल स्टैण्डर्ड–2 ("एसएस–2") तथा कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय ("एमसीए") एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा समय–समय पर उनके विभिन्न परिपत्रों एवं अधिनियमों, नियमों, विनियमों, परिपत्रों एवं अधिसूचनाओं (किसी भी वैधानिक संशोधन(ओं) अथवा तत्समय उनके पुनः अधिनियम सहित) के किसी भी अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार आईनॉक्स विंड लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की स्वीकृति इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से ("ई–वोटिंग") डाक मतपत्र सूचना दिनांकित 29 नवम्बर, 2024, जो उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रेषित की गई है जिनके नाम कम्पनी के सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में शुक्रवार, 6 दिसम्बर, 2024 ("कट–ऑफ तिथि") को दर्ज हो तथा जिनकी ईमेल आईडी कम्पनी/ रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट अर्थात् लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ("आरटीए") अथवा डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत है, में निर्धारित प्रस्ताव(ओं) पर मांगी गई है। कम्पनी ने मंगलवार, 10 दिसम्बर, 2024 को व्याख्यात्मक वक्तव्य के साथ सूचना का प्रेषण पूर्ण कर लिया है।

डाक मतपत्र सूचना कम्पनी की वेबसाइट पर www.inoxwind.com और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात् बीएसई लिमिटेड (बीएसई): www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई): www.nseindia.com तथा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइटः www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

लागू एमसीए परिपत्रों के अनुसार, कम्पनी मात्र इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (ई–वोटिंग) द्वारा उक्त डाक मतपत्र में प्रस्तुत प्रस्ताव(ओं) पर वोट देने के अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्यों की सहमति या असहमति का संचार केवल ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से होगा। कम्पनी ने ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए एजेंसी के रूप में एनएसडीएल की सेवाएं ली हैं।

वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर अथवा लाभार्थी स्वामीयों के रजिस्टर में कट–ऑफ तिथि को दर्ज है, केवल वही ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने हेतु अधिकृत होगा। ई–वोटिंग हेतु सदस्यों/ लाभार्थी स्वामी(ओं) के वोटिंग अधिकार कट–ऑफ तिथि को कम्पनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूँजी में उनके शेयरों के अनुपात में होगा। कट–ऑफ तारीख पश्चात् सदस्य बनने वाले व्यक्ति को इस सूचना को जानकारी मात्र के उद्देश्य से व्यवहृत करना चाहिए। सदस्य द्वारा एक बार डाले गए वोट को बाद में बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ई–वोटिंग की अवधि इस प्रकार हैः

| | |
|---|---|
| ई–वोटिंग का आरम्भ | बुधवार, 11 दिसम्बर, 2024 को प्रातः 09:00 बजे |
| ई–वोटिंग का समापन | बृहस्पतिवार, 9 जनवरी, 2025 को सायं 05:00 बजे |

कृपया ध्यान दें कि बृहस्पतिवार, 9 जनवरी, 2025 को सायं 5:00 बजे के उपरान्त ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी एवं इसके पश्चात् एनएसडीएल द्वारा ई–वोटिंग सुविधा निष्क्रिय कर दी जाएगी। ई–वोटिंग सहित भौतिक मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों या जिन्होंने अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं किया है के वोट डालने हेतु प्रक्रिया पर निर्देश डाक मतपत्र सूचना के हिस्से के रूप में प्रदान किए गए हैं।

घोषित परिणाम, संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ, ई–वोटिंग के समापन के 2 (दो) कार्य दिवस के अन्दर अर्थात् सोमवार, 13 जनवरी, 2025 को या उससे पूर्व कम्पनी तथा एनएसडीएल की वेबसाइटों पर प्रदर्शित किए जाएंगे एवं स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई तथा एनएसई को भी संचारित किए जाएंगे।

ई–वोटिंग से सम्बद्ध किसी भी शिकायत के सम्बन्ध में सदस्य, सुश्री पल्लवी म्हात्रे, एनएसडीएल, ट्रेड वर्ल्ड, "ए" विंग, चौथी मंजिल, कमला मिल्स कंपाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई–400013 से नामित ईमेल पतेः evoting@nsdl.co.in अथवा 022 48867000 पर कॉल द्वारा संपर्क कर सकते हैं।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते **आइनॉक्स विंड लिमिटेड**
हस्ता/–
**दीपक बांगा**
कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 10 दिसम्बर, 2024

# प्राकृतिक खेती से उगाई 4000 क्विंटल मक्की खरीदी

## सेरा में आयोजित किसान मेले में बोले कृषि विभाग के सचिव

हिमाचल दस्तक ▌हमीरपुर

**कृषि** और बागवानी विभाग के सचिव सी.पालरासू ने कहा कि प्रदेश सरकार प्राकृतिक खेती को बड़े पैमाने पर प्रेरित एवं प्रोत्साहित कर रही है और इस विधि से पैदा की गई फसलों को रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों के प्रयोग से उगाई गई फसलों के मुकाबले ज्यादा दाम दे रही है।

प्राकृतिक खेती से तैयार मक्की 30 रुपये और गेहूं 40 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खरीदी जा रही है। मंगलवार को गांव सेरा के विश्राम गृह में आतमा परियोजना की ओर से आयोजित किसान मेले में बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए सी.पालरासू ने बताया कि प्रदेश सरकार ने लगभग 4000 क्विंटल मक्की की खरीद की है, जिससे किसानों को अच्छी आय हुई है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में अभी तक लगभग 2 लाख किसान रासायनिक खाद और जहरीले कीटनाशकों को छोड़कर प्राकृतिक खेती को अपना चुके हैं और प्रदेश की लगभग 36 हजार हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की जा रही है। सी.पालरासू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कार्यभार संभालते ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की आय बढ़ाने की दिशा में कई बड़े निर्णय लिए हैं। प्राकृतिक खेती के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

उन्होंने सभी किसानों से आग्रह किया कि वे प्राकृतिक खेती के लिए अपना पंजीकरण करवाएं। इससे पहले, आतमा के परियोजना निदेशक डॉ. नितिन शर्मा, उपपरियोजना निदेशक डॉ. राजेश कुमार और डॉ. राकेश धीमान ने मुख्यअतिथि, अन्य अतिथियों तथा किसानों का स्वागत किया और जिला हमीरपुर में प्राकृतिक खेती की उपलब्धियों की जानकारी दी।



▌हिमाचल प्रदेश में 2 लाख किसान जुड़ चुके हैं प्राकृतिक खेती से

### ये रहे उपस्थित

**कार्यक्रम** में राज्य परियोजना निदेशक हेमिस नेगी, जाइका के परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान, एपीएमसी के अध्यक्ष अजय शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथ्वी चंद, जिला परिषद सदस्य संजय कुमार, जायका के वरिष्ठ सलाहकार बलजीत संधू, खंड कृषक सलाहकार समिति के अध्यक्ष कैप्टन सुनीत दत्त, सदस्य रमेश पराशर, पंचायत प्रधान सोनिया ठाकुर, उपप्रधान तिलकराज आदि उपस्थित रहे।

### सांसद खेल महाकुंभ के लिए 15 तक करवाएं पंजीकरण

**हमीरपुर।** हर बार की तरह इस बार भी सांसद खेल महाकुंभ को लेकर युवाओं में गहरा उत्साह देखने को मिल रहा है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष कपिल मोहन ने बताया कि सांसद खेल महाकुंभ भाग 3 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है, खिलाड़ी 15 दिसंबर तक अपनी टीमें ऑनलाइन लिंक पंजीकृत करवा सकते हैं। पहले चरण में युवाओं के लिए क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबाल के लिए पंजीकरण करवाया जा रहा है। सांसद खेल महाकुंभ भाग 3 में खिलाड़ियों के लिए 21 लाख रुपये तक के इनाम वितरित किए जाएंगे। विधानसभा स्तर पर विजेता टीमों को क्रिकेट के लिए प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान के लिए 21000, 11000, 5100 व वॉलीबाल, कबड्डी के लिए 11000, 5100, 3100 से पुरस्कृत किया जाएगा।